# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।

## विज्ञप्ति

पत्रांकः एस0एस0ए0 / क0गाँ0 / 2456-52 / 2026–27 दिनांक 22/05/2026

शासनादेश संख्या–1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11–12–2020 के द्वारा कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर एवं शासनादेश संख्या– I / 570148 / 2024 File No.68-5099/23/2024-5 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 28–05–2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक: के0जी0बी0वी0 / 1837 / 2024–25 दिनांक– 30–05–2024 के द्वारा उच्चीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में रिक्त / नवीन स्वीकृत पदों एवं चयन हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये अनुमोदन के अनुक्रम में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में संचालित कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) एवं उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (कक्षा 9 से 12) में रिक्त पदो पर चयन हेतु भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। **पूर्णकालिक शिक्षिका का चयन विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या–13553 / 2022 स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर बनाम सरोज मोर्या व अन्य में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम आदेश के अधीन होगा। समस्त पद महिला हेतु आरक्षित है।** आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर अन्तिम तिथि–21–06–2026 तक पंजीकृत / स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिविल लाईन, फिरोजाबाद पर प्राप्त हो जानी चाहिए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और ना ही इस सम्बन्ध में कोई सूचना दी जायेगी। रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | रिक्त / पद | आरक्षण की स्थिति | आयु (दिनांक– 01.04.2026 को) | निर्धारित शैक्षिक योग्यता | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | पूर्णकालिक शिक्षिका (विज्ञान) के0जी0बी0वी0 (6 से 8) | 01 महिला | अनारक्षित | 25 से 45 वर्ष तक | जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मलित किया जायेगा। | 25410.00 |
| 02 | अंश कालिक शिक्षिका (स्काउट गाइड एवं शारीरिक शिक्षा) के0जी0बी0वी0 (6 से 8) | 02 महिला | 01अनु0जाति 01अ0पि0व0 | 25 से 45 वर्ष तक | बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 आदि उपाधियां केवल शारीरिक शिक्षा के अध्यापन हेतु मान्य होंगी किन्तु शारीरिक शिक्षा पद पर चयन हेतु बी0पी0एड0, सी0पी0एड0 तथा डी0पी0एड0 अभ्यर्थियों हेतु टी0ई0टी0 अनिवार्य नहीं होगी। | 12790.00 (13% ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित) |
| 04 | मुख्य रसोईया के0जी0बी0वी0 (6 से 8) | 01 महिला | अ0पि0व0 | 25 से 45 वर्ष तक | कक्षा– 8 (उत्तीर्ण) | 9006.00 (13% ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित) |
| 05 | स0 रसोईया के0जी0बी0वी0 (6 से 8) | 01 महिला | अनारक्षित | 25 से 45 वर्ष तक | कक्षा– 8 (उत्तीर्ण) | 6755.00 (13% ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित) |
| 08 | स0 रसोईया उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 (9 से 12) | 01 महिला | अ0पि0व0 | 25 से 45 वर्ष तक | कक्षा– 8 (उत्तीर्ण) | 6755.00 (13% ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित) |
| 06 | चपरासी उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 (9 से 12) | 01 महिला | अनारक्षित | 25 से 45 वर्ष तक | कक्षा– 8 (उत्तीर्ण) | 7505.00 (13% ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान सहित) |

**निर्देश–**

01. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं दिशा निर्देश www.https://firozabad.nic.in अपलोड किया जायेगा जहॉ से अभ्यर्थी आवेदन पत्र को डाउनलोड कर सकते हैं, आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा किया जायेगा।
02. समस्त पदों पर महिला अभ्यर्थियों का ही नवीन चयन किया जायेगा।
03. राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।
04. समस्त पदों पर चयन हेतु 1 अप्रैल, 2026 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष ही मान्य होगी।
05. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त आवश्यक शैक्षिक, एवं आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए।
06. अपूर्ण, हस्ताक्षर रहित, साधारण डाक से प्राप्त, निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेगे।
07. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक / चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थिनी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

CamScanner

08. एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र तथा निर्धारित प्रारूप के अतिरिक्त अन्य किसी प्रारूप पर किये गये आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन ही मान्य होंगे।

09. पूर्णकालिक शिक्षिका, रसोईया एवं सहायक रसोईया को रात्रि में विद्यालय में निवास करना अनिवार्य होगा।

10. तैनाती से पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी से चिकित्सीय परीक्षणोंपरान्त फिजीकल फिटनेस का सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा कि वह किसी गम्भीर संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं है।

11. उपर्युक्त पद एक शैक्षिक सत्र 2026–27 (11 माह 29 दिन) के लिए संविदा आधारित होंगे तथा कार्य संतोषजनक होने की दशा में जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन के उपरान्त अगले सत्र के लिए नवीन संविदा की जायेगी।

12. आवेदन पत्र का प्रारूप विज्ञप्ति सहित जनपद की वेबसाइट, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फिरोजाबाद कार्यालय सम्बन्धित ब्लॉक के उप जिलाधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

13. शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन बोर्ड/संस्था से सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

14. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्ण कालिक शिक्षिका, अंश कालिक शिक्षिका तथा लेखाकार के पद पर चयन सीधे मैरिट के आधार पर कान्सलिंग के माध्यम से कराया जायेगा।

15. चपरासी/चौकीदार/रसोईया व सहायक रसोईया के रिक्त पदों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

16. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020–21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षिकों द्वारा कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद से आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3–2/1916/2013–14 दिनांक–29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नहीं होगी। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए अतिरिक्त 02 अंक भारांक, अधिकतम 30 अंक भारांक जो भी कम हो देय होगा।

17. काउन्सलिंग एवं साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा व्यय अथवा अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

18. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नही होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान के अधीन रहेगी।

19. विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या घट/बढ सकती है।

20. समस्त पदों पर भर्ती शासनादेश संख्या–1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11–12–2020 के द्वारा कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर एवं शासनादेश संख्या– I/570148/2024 File No.68-5099/23/2024-5 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 28–05–2024 के अधीन की जायेगी समस्त अभ्यर्थी उक्त शासनादेशों का भली–भॉति अध्ययन कर लें।

21. चयन के सम्बन्ध में जनपदीय चयन समिति का निर्णय अन्तिम निर्णय माना जायेगा।

(अजय कुमार)
जिला समन्वयक(बा0शि0)
फिरोजाबाद

(आशीष कुमार पाण्डेय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद

पृ0सं0/एस0एस0ए0/क0गॉ0/2450-52/2026–27 दिनांक 22/05/2026

प्रतिलिपि–निम्नांकित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला व हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि अपने जनप्रिय दैनिक समाचार पत्र में न्यूनतम दर पर उक्त विज्ञापन प्रकाशित कराने का कष्ट करें, साथ ही बिल प्रकाशित विज्ञापन की प्रति सहित प्रस्तुत करें जिससे कि भुगतान की कार्यवाही की जा सकें।

02. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, फिरोजाबाद को इस अनुरोध के साथ कि संलग्न विज्ञप्ति को अपने जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

03. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद फिरोजाबाद को इस निर्देश के साथ कि विज्ञप्ति को अपने–2 ब्लॉक संसाधन केन्द्र के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा कर उक्त का स्क्रीनशॉट वहाट्सएप ग्रुप पर भेजना सुनिश्चित करें।

04. कार्यालय पत्रावली।

जिला समन्वयक(बा0शि0)
फिरोजाबाद।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
फिरोजाबाद।

CamScanner

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय, जनपद–फिरोजाबाद।

अभ्यर्थी अपना नवीनतम पासपोर्ट साज का स्वहस्ताक्षरित फोटो चिपकाये।

01. आवेदित पद का नाम ........................................

02. अभ्यर्थी का नाम........................................

03. पिता का नाम........................................

04. माता का नाम........................................

05. पति का नाम........................................

06. जन्मतिथि.(अंको में)........................ (शब्दों में)........................

07. आधार कार्ड संख्या........................................

08. 01 अप्रैल, 2026 को आयु– वर्ष.............माह.............दिन.............

09. वर्ग.....................जाति.....................(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

10. स्थाई पता........................................

........................................

..................

11. पत्रव्यवहार का पता........................................

........................................

12. मोबाईल नम्बर........................................

13. **शैक्षिक योग्यता–**

| क्र0 स0 | परीक्षा का नाम | बोर्ड का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 02 | इण्टर | | | | | | |
| 03 | स्नातक | | | | | | |
| 04 | प्रशिक्षण स्नातक / अन्य | | | | | | |
| 05 | अन्य योग्यता(यदि कोई हो) | | | | | | |
| | योग | | | | | | |

उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 उत्तीर्ण वर्ष (प्रमाण पत्र संलग्न करें)........................

अनुभव (यदि कोई हो तो)–........................

संलग्नक संख्या–

**घोषणा**

मैं ........................पुत्र / पुत्री / पत्नी ........................शपथ पूर्वक घोषणा करता / करती हूँ कि प्रारूप में दिये गये समस्त विवरण सत्य है। कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है। यदि कोई विवरण एवं तथ्य असत्य / गलत पाया जाता है तो सम्बन्धी प्राधिकारी को अधिकार होगा कि मेरी नियुक्ति न केवल निरस्त कर दे, बल्कि मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी करें, उसके लिए मै स्वयं उत्तरदायी होगा / होऊगी।

दिनांक– हस्ताक्षर अभ्यर्थी–

स्थान– अभ्यर्थी का पूरा नाम–

........................................

**कार्यालय प्रयोग हेतु**

जॉचकर्ता का नाम........................

टिप्पणी

जॉचकर्ता के हस्ताक्षर मोहर सहित

CamScanner